## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–24.06.2024 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- नीट–यूजी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली प्राथमिकी दर्ज कर शुरू की जांच, ईओयू की टीम को हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से प्रश्न पत्र में छेड़छाड़ के मिले प्रमाण, कूरियर दफ्तर की भी की जांच।

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू होगा, पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों का होगा शपथ ग्रहण ।

- झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बढ़ी राजनीतिक गहमागहमी, दिल्ली में आज कांग्रेस की बैठक, भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी ने रांची में कल प्रांत स्तरीय कार्यकर्ताओं के साथ बनाई रणनीति

- आज राज्य में बारिश, आंधी और बादल गर्जन के आसार, कल से अगले तीन दिनों तक भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी।

- अंतराष्ट्रीय पदक जीतने वाले झारखंड के पहले पहलवान बने विकास कच्छप, सब जूनियर एशियन कुश्ती में जीता कांस्य।

*********************

मेडिकल स्नातक प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी में पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पहली प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार ये प्राथमिकी शिक्षा मंत्रालय की शिकायत पर दर्ज की गई है। मामले की जांच के लिए ब्यूरो की ओर से विशेष दलों का गठन किया गया है जो जांच के लिए पटना और गोधरा जा रहे हैं। प्राथमिकी में कहा गया है कि इस परीक्षा के आयोजन के दौरान कुछ राज्यों में अलग–अलग घटनाएं हुईं। शिक्षा मंत्रालय ने अनियमितताओं की ब्यूरो से व्यापक जांच कराने का अनुरोध किया है।

*********************

हजारीबाग में नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में जांच का दायरा बढ़ता नजर आ रहा है। बिहार की आर्थिक अपराध ईकाई के अनुसार ओएसिस स्कूल में बने परीक्षा केन्द्र में केन्द्र के प्रश्न पत्र पैकिंग में छेड़छाड़ के प्रमाण मिले हैं। इधर आर्थिक अपराध इकाई की टीम ने कल कोर्रा थाना क्षेत्र के नूतन नगर स्थित ब्लू डार्ट कूरियर सर्विस की कार्यालय में जांच की। जांच टीमयहां से कई फोटोग्राफ्स और रिकॉर्डिंग अपने साथ ले गई है। इसके अलावा कोरियर सर्विस में काम करने वाले कई कर्मचारियों से पूछताछ भी की है। इस पूरे मामले पर हजारीबाग एसपी अरविंद सिंह ने बताया है कि आर्थिक अपराध इकाई की टीम को जांच में भरपूर सहायता की गई है। उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि अब तक हजारीबाग से किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

*********************

नई लोकसभा का पहला सत्र आज से शुरू होगा। सत्र के दौरान आज और कल नव–निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएंगी। अस्थायी अध्यक्ष के तौर पर नियुक्त वरिष्ठ भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाएंगे। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरूवार को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। इसी दिन राज्यसभा का सत्र भी शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख को समाप्त होगा।

*********************

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने कहा है कि दोबारा प्रयोग होने वाले प्रक्षेपण यान, पुष्पक का तीसरा और अंतिम परीक्षण कल सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। यह परीक्षण कर्नाटक के चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण परिसर में किया गया।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले में भारत सरकार द्वारा 10 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है,।

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*********************

झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राजनीतिक गहमागहमी बढ़ गई है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आज दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में कांग्रेस की बैठक होगी। जिसमें प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजुश ठाकुर सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। इधर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान और सह प्रभारी हिमंतास बिस्वा सरमा ने रांची में प्रांतीय कार्यकर्ता बैठक में चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा की।

*********************

गांडेय से झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने गिरिडीह पार्टी कार्यालय में कल कार्यकर्ताओं से विधानसभा चुनाव में जुटने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं की बदौलत झारखंड में फिर झामुमो गठबंधन की सरकार बनेगी ।

*********************

हजारीबाग के इचाक थाना क्षेत्र में हुए दोहरे हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि मृतक के पिता ने सुपारी देकर अपने छोटे बेटे के साथ मिलकर बड़े बेटे और होने वाली बहू की हत्या की साजिश रची थी यह पूरा मामला दहेज से जुड़ा हुआ था।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में गोली मारकर हत्या और फायरिंग मामले में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। दोनों आपराधिक घटनाओं में शामिल 9 अपराधियों को आदित्यपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

*********************

मौसम विभाग ने आज पूरे राज्य में बादल गर्जन , आंधी बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इसे लेकर विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। वहीं कल से अगले तीन दिनों तक भारी बारिश, गर्जन और आंधी को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

*********************

झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी के विकास कच्छप ने जार्डन में अंडर 17 सब जूनियर एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्प पदक पर कब्जा जमाया है। 30 जून तक खेली जानेवाली इस प्रतियोगिता में 23 जून को विकास ने कोरिया के पहलवान को हराकर भारतीय कुश्ती टीम की झोली में कांस्य पदक डाला। पदक जीतने के साथ ही विकास झारखंड के पहले इंटरनेशनल पहलवान बने जिसने अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीता है।

*********************

अखबारों की सुर्खियां

नीट–यूजी में पेपर लीक मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू होने की खबर के साथ आज से संसद का पहला सत्र, इस खबर को राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने अपनी सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान अखबार ने लिखा है–सीबीआई ने पहली एफआईआर दर्ज की, बिहार भी जाएगी टीम।

प्रभात खबर लिखता है– नीट पेपर लीक मामले में ईओयू की जांच – हजारीबाग के ओएसिस स्कूल से बाहर आया प्रश्न पत्र।

दैनिक जागरण की सुर्खी है– सीबीआई ने संभाली नीट– यूजी की जांच।

दैनिक भास्कर ने अपने पहले पन्ने पर लिखा है – टी 20 वर्ल्ड कपः में अफगानिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर समीकरण बदले।

रांची एक्सप्रेस ने लिखा है– विकास कच्छप बने झारखंड के पहले इंटरनेशनल मेडलिस्ट पहलवान।

इसरो के दोबारा प्रयोग होने वाले प्रक्षेपण यान पुष्पक का तीसरा और अंतिम परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न, टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।हिन्दुस्तान टाइम्स की सुर्खी है– 18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज से

*********************